अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 12 अक्तूबर 2020

PAGE NO. 08 : BOTTOM MIDDLE

# एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ने कराया वेबिनार

**बरेली।** एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की ओर से शनिवार को मल्टी लेवल इन्वर्टर बेस्ड ड्राइव सिस्टम फार इलेक्ट्रिक व्हीकल पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया।

वेबिनार का शुभारंभ डीन एकेडेमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने विशेष अतिथि व मुख्य वक्ता डॉ. संजीव कुमार (आईआईटी, रुड़की), शिक्षकों और प्रतिभागियों के बीच स्वागत भाषण के साथ किया। विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश त्यागी ने विषय पर प्रकाश डाला। डॉ. संजीव ने इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए इन्वर्टर बेस्ड ड्राइव सिस्टम की उपयोगिता की जानकारी दी। वेबिनार में एसआरएमएस समेत विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों के 40 शिक्षकों और 80 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।